# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 01 सितम्बर 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 25 हजार 846 सैम्पलों की हुई जांच
## प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 0.12 प्रतिशत

- आज 01 सितम्बर की स्थिति में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.12 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 25 हजार 846 सैंपलों की जांच में से 31 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

- प्रदेश में आज कोरोना संक्रमित किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं हुई है।

## छत्तीसगढ़ के 5 अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण–पत्र
## पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधी चौक बिलासपुर तथा 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को एनक्यूएएस प्रमाण–पत्र

- उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले छत्तीसगढ़ के एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS-National Quality Assurance Standard) प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की विशेषज्ञों की टीम द्वारा इन अस्पतालों में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता के वर्चुअल परीक्षण के बाद राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण–पत्र के लिए चयन किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा अब तक प्रदेश के 28 सरकारी अस्पतालों को एनक्यूएएस प्रमाण–पत्र प्रदान किया जा चुका है। इनमें 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सात जिला अस्पताल शामिल हैं।

- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने समर्पित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उत्कृष्टता प्रमाण–पत्र हासिल करने वाले सभी अस्पतालों के अधिकारियों–कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने भरोसा जताया है कि ये अस्पताल आगे भी अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखते हुए मरीजों की सेवा

करेंगे। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ने इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित जिलों के मैदानी अधिकारियों को भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा अस्पतालों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं।

- भारत सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दुर्ग जिले के पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिलासपुर के गांधी चौक स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोरबा जिले के मोरगा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजनांदगांव जिले के रामाटोला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और धमतरी जिले के चटौद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

## 5 सितंबर तक प्रदेश के सभी शिक्षकों एवं स्कूल कर्मचारियों का किया जाएगा टीकाकरण

- कोरोना वायरस से बचाव व रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का टीकाकरण किया जा रहा है। वैश्विक महामारी की वजह से प्रदेश में पिछले 2 वर्षों से शासन द्वारा स्कूल बंद कर दिए गए थे, जिससे कि बच्चों को इस कोरोना महामारी से बचाया जा सके। देश में कोरोना संक्रमण के मामले कम होने के मद्देनजर स्थिति का आंकलन कर सरकार द्वारा सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों को खोले जाने का निर्णय लिया जाना है।

- इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार 5 सितम्बर 2021 तक राज्य के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के शिक्षकों एवं स्कूल शिक्षा से जुड़े कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्य जो 18 वर्ष से अधिक के हों का टीकाकरण, अभियान के रूप में किया जाना है।

- अभियान के अंतर्गत जिन शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कोविड टीके की प्रथम खुराक दी जा चुकी है, उन्हें समय पर दूसरी खुराक दी जानी है। वहीं जिन शिक्षकों, स्कूल कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों को कोविड टीका की एक भी डोज नहीं दी गई है उनका जल्द से जल्द कोविन पोर्टल में पंजीकरण कर टीकाकरण किया जाना है।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 31 |
| | | कुल | 1004482 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 24 |
| | | कुल* | 170146 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 28 |
| | | कुल* | 820390 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 52 |
| | | कुल | 990536 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 391 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 0 | कोविड–19 | 0 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 0 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 25,846**



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →



## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 01-09-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 1 | 96703 | 0 | 14635 | 1 | 80247 | 94882 | 26 | | 1795 |
| 2 | राजनांदगांव | 1 | 56025 | 0 | 12730 | 0 | 42771 | 55501 | 10 | | 514 |
| 3 | बालोद | 0 | 27264 | 2 | 9303 | 0 | 17562 | 26865 | 3 | | 396 |
| 4 | बेमेतरा | 0 | 19946 | 0 | 3357 | 0 | 16352 | 19709 | 1 | | 236 |
| 5 | कबीरधाम | 0 | 22770 | 0 | 2390 | 0 | 20113 | 22503 | 0 | | 267 |
| 6 | रायपुर | 2 | 157873 | 2 | 30854 | 3 | 123845 | 154699 | 35 | | 3139 |
| 7 | धमतरी | 0 | 27212 | 2 | 2761 | 1 | 23900 | 26661 | 6 | | 545 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 0 | 43036 | 1 | 9057 | 6 | 33497 | 42554 | 12 | | 470 |
| 9 | महासमुंद | 0 | 31342 | 0 | 4081 | 0 | 26890 | 30971 | 6 | | 365 |
| 10 | गरियाबंद | 1 | 19687 | 1 | 3601 | 0 | 15883 | 19484 | 9 | | 194 |
| 11 | बिलासपुर | 5 | 65521 | 1 | 7396 | 3 | 56895 | 64291 | 23 | | 1207 |
| 12 | रायगढ़ | 0 | 62511 | 1 | 12762 | 0 | 48759 | 61521 | 12 | | 978 |
| 13 | कोरबा | 3 | 54686 | 6 | 4986 | 9 | 49077 | 54063 | 47 | | 576 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 0 | 57518 | 1 | 8096 | 0 | 48558 | 56654 | 32 | | 832 |
| 15 | मुंगेली | 0 | 23901 | 0 | 1008 | 0 | 22723 | 23731 | 3 | | 167 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 1 | 12009 | 0 | 943 | 0 | 10917 | 11860 | 3 | | 146 |
| 17 | सरगुजा | 0 | 33662 | 0 | 4207 | 1 | 29197 | 33404 | 13 | | 245 |
| 18 | कोरिया | 1 | 26946 | 1 | 1796 | 0 | 24961 | 26757 | 14 | | 175 |
| 19 | सूरजपुर | 0 | 29020 | 0 | 2124 | 0 | 26670 | 28794 | 2 | | 224 |
| 20 | बलरामपुर | 0 | 20291 | 0 | 1530 | 0 | 18638 | 20168 | 5 | | 118 |
| 21 | जशपुर | 1 | 27020 | 0 | 5003 | 2 | 21767 | 26770 | 38 | | 212 |
| 22 | बस्तर | 2 | 21012 | 1 | 5665 | 1 | 15138 | 20803 | 21 | | 188 |
| 23 | कोंडागांव | 1 | 13090 | 1 | 1838 | 0 | 11145 | 12983 | 8 | | 99 |
| 24 | दंतेवाडा | 2 | 10775 | 1 | 4470 | 0 | 6268 | 10738 | 13 | | 24 |
| 25 | सुकमा | 8 | 8015 | 2 | 4438 | 0 | 3538 | 7976 | 19 | | 20 |
| 26 | कांकेर | 0 | 23569 | 0 | 3629 | 0 | 19712 | 23341 | 5 | | 223 |
| 27 | नारायणपुर | 0 | 4015 | 0 | 3232 | 0 | 761 | 3993 | 8 | | 14 |
| 28 | बीजापुर | 1 | 8293 | 1 | 3617 | 1 | 4606 | 8223 | 15 | | 55 |
| 0 | अन्य राज्य | 1 | 770 | 0 | 637 | 0 | 0 | 637 | 2 | | 131 |
| **महायोग** | | 31 | 1004482 | 24 | 170146 | 28 | 820390 | 990536 | 391 | 0 | 13555 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

**मीडिया प्रभारी**
**राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर**
**(COVID19)**



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

